भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्याः 1540

मंगलवार, 09 दिसंबर, 2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

राजस्थान में औद्योगिक विकास

1540. श्री उम्मेदा राम बेनीवालः

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत तीन वर्षों के दौरान राजस्थान में औद्योगिक विकास दर राष्ट्रीय औसत की तुलना में कम रही है और यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं; और

(ख) क्या सरकार की मेक इन इंडिया और औद्योगिक गलियारा परियोजनाएँ ग्रामीण राजस्थान में रोजगार सृजित करने में विफल रहीं हैं?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री जितिन प्रसाद)

(क) और (ख): राजस्थान राज्य सरकार ने संसूचित किया है कि पिछले तीन वर्षों अर्थात् वर्ष 2022-23, 2023-24 और 2024-25 में राजस्थान के उद्योग क्षेत्र के सकल राज्य मूल्य संवर्धन (जीएसवीए) की वृद्धि दर क्रमशः 10.37 प्रतिशत, 13.54 प्रतिशत और 7.88 प्रतिशत रहने की संभावना है, जो क्रमशः 9.30 प्रतिशत, 11.66 प्रतिशत और 6.85 प्रतिशत के अखिल भारतीय स्तर की वृद्धि दर से अधिक है। राज्य सरकार की पहलों के अतिरिक्त, भारत सरकार की मेक-इन-इंडिया पहल के तहत विभिन्न कार्यक्रम और स्कीमें कार्यान्वित की जा रही हैं, जिनसे राज्य के औद्योगिक क्षेत्र की वृद्धि में सहायता प्राप्त हुई है। उदाहरणस्वरूप, दिल्ली-मुंबई औद्योगिक कॉरिडोर परियोजना, जो राजस्थान में भी कार्यान्वित है, के अंतर्गत राजस्थान के पाली जिले में 1,578 एकड़ के जोधपुर-पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (जेपीएमआईए) को 922 करोड़ रुपए की कुल परियोजना लागत से अगस्त, 2024 में अनुमोदन प्रदान किया गया है। विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) के अनुसार, जोधपुर-पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र (जेपीएमआईए) में लगभग 7,500 करोड़ रुपए के अनुमानित निवेश और लगभग 40,000 रोजगारों के सृजन की संभावना है।

*****